**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 26 अगस्त, 2025 :-**

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज राज भवन के दरबार हॉल में न्यायमूर्ति श्री नवनीत कुमार, सेवानिवृत्त न्यायाधीश, माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची को झारखण्ड राज्य विद्युत नियामक आयोग, राँची के अध्यक्ष के पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर राज्य की मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी ने न्यायमूर्ति श्री नवनीत कुमार की झारखण्ड राज्य विद्युत नियामक आयोग, राँची के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति संबंधी अधिसूचना का वाचन किया। तत्पश्चात राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ० नितिन कुलकर्णी ने उन्हें शपथ ग्रहण हेतु आमंत्रित किया। राज्यपाल महोदय ने नवनियुक्त अध्यक्ष को अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

शपथ ग्रहण समारोह में माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन, झारखण्ड विधानसभा की सदस्य श्रीमती कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी, माननीय मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार, प्रधान सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग श्रीमती

वंदना दादेल समेत भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं पुलिस सेवा के पदाधिकारीगण, गणमान्य अतिथिगण तथा नवनियुक्त अध्यक्ष के परिजन उपस्थित थे।